# पुस्तक : वितान भाग-1 पाठ-१ : भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर/ कुमार गंधर्व

## वितान पुस्तक से परीक्षा में केवल बहुविकल्पी प्रश्नोत्तर MCQ आएंगे।

पाठ से कुछ वन लाइनर-

1. “भारतीय गायिकाओं में बेजोड़ लता मंगेशकर” पाठ के लेखक कौन है – कुमार गंधर्व
2. इस पाठ का मुख्य उद्देश्य क्या है – लता जी के व्यक्तित्व से परिचय कराना
3. लेखक ने लता मंगेशकर जी को क्या उपाधि दी हैं – चित्रपट संगीत की बेताज स्वर साम्राज्ञी
4. लता मंगेशकर के पिता का क्या नाम था – पंडित दीनानाथ मंगेशकर
5. लेखक कुमार गंधर्व ने लता की आवाज सबसे पहले कहाँ सुनी थी – रेडियो पर
6. लता से पूर्व किस प्रसिद्ध गायिका का जमाना था – नूरजहां
7. श्री विलायत खां किससे जुड़े थे – सितार वादन से
8. लता जी की प्रसिद्धि का कारण क्या हैं – उनके गानों का गानपन (गानों में मधुरता)
9. लता जी के स्वरों की विशेषता क्या हैं – कोमलता , निर्मलता व मुग्धता
10. लेखक के अनुसार, लता ने कौन सी लय के गीत बड़ी उत्कृष्टता से गाये हैं – द्रुतलय
11. सामान्यतया लता जी ने कौन सी पट्टी में गीत गाए हैं – ऊंची पट्टी में
12. शास्त्रीय संगीत में ताल किस रूप में पाया जाता है – परिष्कृत रूप
13. चित्रपट संगीत का ताल कौन सी अवस्था का होता है – प्राथमिक अवस्था
14. शास्त्रीय संगीत का स्थाई भाव क्या है – गंभीरता
15. चित्रपट संगीत का मुख्य गुणधर्म क्या हैं – जलदलय और चपलता
16. चित्रपट संगीत में किसको अग्र स्थान दिया जाता है – सुलभता व लोच को
17. चित्रपट संगीत में कितने तालों का उपयोग किया जाता हैं – आधे तालों का
18. भारतीय फिल्मों में किस संगीत की धुनों का अधिक प्रयोग किया गया है – लोक संगीत
19. लता जी के गानों में ‘त्रिवेणी संगम’ का क्या अर्थ हैं – स्वर , लय व शब्दार्थ का संगम
20. हमारे शास्त्रीय गायक किस प्रकार की वृत्ति वाले होते हैं – आत्मसंतुष्टि
21. कृषि संबंधित गीतों को किस प्रकार की संगीत धुनों के अंतर्गत रखा जाता है – लोक संगीत धुन
22. लेखक के अनुसार गाने की सारी मिठास किसके कारण आती है – रंजकता के कारण
23. लेखक के अनुसार लता जैसा गायक कलाकार कितने समय बाद पैदा होता है – सदियों में एक बार
24. लेखक के अनुसार हमारा क्या सौभाग्य हैं – लता मंगेशकर को साक्षात् देख पाना
25. चित्रपट संगीत में लता को अतुलनीय क्यों कहा गया है – श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देने वाले उनके स्वरों की निर्मलता , कोमलता व मधुरता के कारण
26. लेखक ने ‘चित्रपट संगीत का पर्याय’ किसे माना है – लता मंगेशकर को
27. चित्रपट संगीत का क्या अर्थ है – फिल्म, चलचित्र के संगीत को चित्रपट संगीत कहा जाता हैं।
28. लेखक कुमार गंधर्व ने लता मंगेशकरजी को बेजोड गायिका क्यों कहा – उनके गानों में गानपन यानि मधुरता के कारण और उनके गानों की दुनिया भर में लोकप्रियता के कारण
29. लता मंगेशकरजी का जन्म कब हुआ था – 28 सितंबर 1929 (इंदौर)
30. लता मंगेशकरजी की मृत्यु कब हुई – 6 फरवरी 2022 (मुंबई)

## परीक्षा के लिए उपयोगी और महत्त्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

1- 'भारतीय गायिकाओं में बेजोड़- लता मंगेशकर' पाठ के लेखक कौन हैं?

क) कुमार गौरव ख) कुमार गंधर्व
ग) विलायत खां घ) दीनानाथ मंगेशकर

2- लता मंगेशकर के पिता का नाम है-

क) रमानाथ मंगेशकर ख) दीनानाथ मंगेशकर
ग) काशीनाथ मंगेशकर घ) विश्वनाथ मंगेशकर

3- लेखक कुमार गंधर्व ने सबसे पहले लता की आवाज कहां सुनी थी?

क) टेलीविजन पर ख) रेडियो पर
ग) फिल्म में घ) लाइव कार्यक्रम में

4- चित्रपट संगीत में लता के पहले प्रसिद्ध गायिका कौन थी?

क) मुमताज बेगम ख) नूरजहां
ग) आबिदा परवीन घ) परवीन सुलताना

5- विलायत खां किस वाद्य यंत्र से संबंधित हैं?

क) बांसुरी ख) शहनाई
ग) सितार घ) संतूर

6- लेखक के अनुसार भारतीय गायिकाओं में लता मंगेशकर बेजोड़ क्यों है?

क) लता के कारण चित्रपट संगीत को लोकप्रियता प्राप्त हुई है।
ख) लोगों का शास्त्रीय संगीत की ओर देखने का दृष्टिकोण बदला है।
ग) लता के कारण आजकल के नन्हे-मुन्ने भी सुर में गुनगुनाते हैं।
घ) उपर्युक्त सभी।

7- संगीत के प्रति साधारण लोगों के दृष्टिकोण में क्या परिवर्तन हुए हैं?

क) उनका स्वर ज्ञान बढ़ रहा है।
ख) सुरीलापन क्या है, इसकी समझ उन्हें हो रही है।
ग) तरह-तरह की लय के भी प्रकार उन्हें सुनाई पड़ने लगे हैं।
घ) उपर्युक्त सभी।

8- संगीत जगत को लता का क्या योगदान है?

क) संगीत की लोकप्रियता
ख) संगीत का प्रसार
ग) संगीत के प्रति अभिरुचि का विकास
घ) उपर्युक्त सभी।

9- सामान्य श्रोता के लिए संगीत में क्या महत्वपूर्ण है?

क) ध्वनि मुद्रिका ख) राग
ग) ताल घ) मिठास

10- संगीत में 'गानपन' का क्या अर्थ है?

क) लय ख) ताल
ग) राग घ) मिठास

---

उत्तर : 1- ख, 2- ख, 3- ख, 4- ख, 5- ग, 6- घ, 7- घ, 8- घ, 9- घ, 10- घ

11- लता के गाने की विशेषता है-

क) गानपन ख) स्वरों की निर्मलता

ग) नादमय उच्चार घ) उपर्युक्त सभी।

12- लेखक के अनुसार लता ने किस रस के गाने के साथ न्याय नहीं किया है?

क) श्रृंगार ख) करुण

ग) वात्सल्य घ) वीभत्स

13- लेखक के अनुसार लता के गाने में किस तरह के दोष देखे जाते हैं?

क) मुग्ध श्रृंगार की अभिव्यक्ति वाले मध्य या द्रुत लय में गाना।

ख) अधिकतर गाने ऊंची पट्टी में गाना।

ग) क और ख दोनों।

घ) इनमें से कोई नहीं।

14- इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है-

क) गंभीरता शास्त्रीय संगीत का स्थाई भाव है।

ख) चपलता चित्रपट संगीत का मुख्य गुण धर्म है।

ग) चित्रपट संगीत का ताल प्राथमिक अवस्था का ताल होता है।

घ) इनमें से कोई नहीं।

15- लेखक के अनुसार चित्रपट संगीत गाने वाले को शास्त्रीय संगीत की उत्तम जानकारी होना-

क) आवश्यक है।

ख) आवश्यक नहीं है।

ग) क और ख दोनों।

घ) इनमें से कोई नहीं।

16- खानदानी गवैयों के अनुसार किस कारण लोगों की अभिरुचि बिगड़ गई है?

क) शास्त्रीय संगीत ख) चित्रपट संगीत

ग) लोक संगीत घ) रॉक संगीत

17- "चित्रपट संगीत क्षेत्र की लता अनभिषिक्त सम्राज्ञी है।" अनभिषिक्त का क्या अर्थ है?

क) महान ख) बेताज

ग) सर्वश्रेष्ठ घ) सुरीली

18- "ऐसा कलाकार शताब्दियों में शायद एक ही पैदा होता है।" यह पंक्ति किसके लिए कही गई है?

क) नूरजहां ख) दीनानाथ मंगेशकर

ग) कुमार गंधर्व घ) इनमें से कोई नहीं।

19- लय कितने प्रकार की होती है?

क) दो ख) तीन

ग) चार घ) पांच

20- तीन ताल में कितनी मात्राएं होती हैं?

क) 12 ख) 3

ग) 16 घ) 9

------------------------------------

उत्तर : 11- घ, 12- ख, 13- ग, 14- घ, 15- क, 16- ख, 17- ख, 18- घ, 19- ख, 20- ग